भारत सरकार
रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

महत्वपूर्ण सूचना

केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना संख्या आरपीएफ 01/2024 उप निरीक्षक तथा केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना संख्या आरपीएफ 02/2024 सिपाही के अंतर्गत उन उम्मीदवारों के ध्यानार्थ जिन्होंने आवेदन पत्र जमा कर दिया है और आवेदन शुल्क का भूगतान नहीं कर पाए हैं।

जिन उम्मीदवारों ने आवेदन जमा करने की समाप्ति तिथि (14.05.2024) से पहले ही अपना आवेदन पत्र जमा कर दिया है और अपना आवेदन शुल्क जमा नहीं कर पाए हैं उन्हें एक बार फिर से आवेदन शुल्क भूगतान करने का अवसर दिया जाता है।

1. केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना संख्या आरपीएफ 01/2024 उप निरीक्षक तथा केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना संख्या आरपीएफ 02/2024 सिपाही के अंतर्गत उम्मीदवारों द्वारा पहले से जमा किए गए ऑनलाइन आवेदनों के उपलक्ष में शुल्क भूगतान जमा करने की समाप्ति तिथि पर उत्पन्न हुई अनेकों पूछताछ/शिकायतों को नजर में रखते हुए उन उम्मीदवारों को एक बार फिर से आवेदन शुल्क भरने का अवसर देने का निर्णय लिया गया है जिन्होने अपना ऑनलाइन आवेदन समाप्ति तिथि अर्थात 14.05.2024 (23.59 बजे) से पहले जमा कर दिया है और आवेदन शुल्क का भूगतान नहीं कर पाए थे।

2. ऐसे उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क भूगतान करने की सुविधा दिनांक 18.05.2024 (00.00 बजे) से 20.05.2024 (23.59 बजे) के बीच उपलब्ध होगी ।

3. जिन उम्मीदवारों ने अपना ऑनलाइन आवेदन समाप्ति तिथि अर्थात 14.05.2024 (23.59 बजे) से पहले जमा कर दिए हैं और आवेदन शुल्क भूगतान नहीं कर पाए वे यूसर क्रेडेंशियल **(user credential)** द्वारा लॉगिन करने के पश्चात अपने आवेदन के पिछले विवरण पृष्ठ (Application history page) पर **'Pay Now'** के बटन पर क्लिक कर आवेदन शुल्क का भूगतान कर सकते हैं ।

4. जो उम्मीदवार उपरोक्त दिनांक 18.05.2024 (00.00 बजे) से 20.05.2024 (23.59 बजे) के बीच आवेदन शुल्क का भूगतान नहीं कर पाएंगे उनसे आगे कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

5. उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि भर्ती प्रक्रिया से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए केवल रेलवे भर्ती बोर्ड के आधिकारिक वेबसाइट को ही देखें।

6. उम्मीदवारों के लिए हेल्प डेस्कः-

दूरभाषः 9592-001-188 एवं 0172-565-3333
इमेल: rrb.help@csc.gov.in

(समय प्रातः 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक)

दिनांक:16.05.2024

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड